## अध्याय -1

### मतदाता सूचि तैयार करने के लिये प्रशासनिक तन्त्र तथा कानूनी प्रावधान

त्रि–स्तरीय पंचायतों (अर्थात् ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद्) के निर्वाचन के लिये मतदाता सूचि तैयार कराने और निर्वाचन के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियन्त्रण का दायित्व संविधान के अनुच्छेद "243–ट" के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है। ठीक ऐसा ही आनुषंगिक प्रावधान हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 212 में भी है ।

त्रिस्तरीय पंचायतो की मतदाता सूचि की बुनियादी ईकाई "ग्राम पंचायत" के लिये तैयार की गई वार्डवार मतदाता सूचि रहती है, पंचायत समिति तथा जिला परिषद् के लिये मतदाता सूचियां, उनके निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों से मिलकर बनती है ।

**प्रशासनिक तन्त्र**

हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के नियम 2 (घ ) में प्रत्येक जिले में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने के लिये राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से उपायुक्त को पदेन जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है ।

आयोग द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार मतदाता सूचियां तैयार करने का दायित्व जिला निर्वाचन अधिकारी का है, उसके नियन्त्रण और सर्वोपरि समन्वयकारी भूमिका के अन्तर्गत प्रत्येक खण्ड के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की सूचियां तैयार करने, उन्हें प्रकाशित करने, उनके सम्बन्ध में दावे और आपतियां प्राप्त करने और उनका निपटारा करके सूचियों को अन्तिम रूप देने का कार्य हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 2 (ड.) में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाता है ।

1. जिला निर्वाचन (इलैक्ट्रोल) अधिकारी की नियुक्ति हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 2 (ड.) के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा की जाती है। वर्तमान समय में यह शक्तियां राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा आयोग की अधिसूचना कमांक एस0ई0सी0/2ई–III/2004/ 14088–14128 दिनांक 09/12/2004 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को प्रदत की गई हैं जो कि उक्त पद पर किसी एच0सी0एस0 अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) व जिला मुख्यालय के अन्य किसी अधिकारी जिसके पास कलैक्टर/मैजिस्ट्रेट की शकित्यां हों, को इस पद पर नियुक्त कर सकता है तथा सभी खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारियों को उनके सम्बन्धित कार्य क्षेत्रोंके लिए उप जिला निर्वाचन/इलैक्ट्रोरल अधिकारी नियुक्त किया गया है।
2. जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी तथा खण्ड स्तर पर नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश तथा मार्गदर्शन देने

*तथा उनके कार्य के पर्यवेक्षण एवं प्रगति की समीक्षा करने के लिये पूर्णरूपेण उतरदायी है, जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के प्रमुख कर्तव्य निम्नाकिंत है :–*

(1) *प्रत्येक खण्ड या उसके किसी विर्निदिष्ट भाग के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार करने के लिये कर्मचरियों की नियुक्ति करना और उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना और उनके कार्य का पर्यवेक्षण करना।*

(2) *मतदाता सूचियों के प्रारभिंक प्रकाशन के लिये आवश्यक प्रचार–प्रसार करना।*

(3) *मतदाता सूचियों का आम नागरिकों द्वारा निरीक्षण करने तथा दावे और आपतियां प्राप्त करने के लिये केन्द्र (स्थान) निर्धारित करना और वहां पर आवश्यक प्रशासकीय व्यवस्था सुनिश्चित करना।*

(4) *निर्धारित केन्द्रो (स्थानों ) पर नियुक्त किये जाने वाले कर्मचारियों के चयन और उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था करना और उन्हें आवश्यक प्ररूप (फार्म ) अन्य कागजात तथा सामग्री उपलब्ध कराना।*

(5) *दावों तथा आपतियों के निराकरण के उपरान्त अतिंम रूप से तैयार की गई मतदाता सूचियों के मुद्रण की व्यवस्था करना तथा मुद्रण के उपरान्त सूचियों का अतिम प्रकाशन करना।*

(6) *अतिमं रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियां, सभी कागज पत्रो सहित (जिनमें प्रारंभिक मतदाता सूचि, प्राप्त दावों और आपतियों से सम्बन्धित प्रकरण और उनमें पारित आदेश सम्मिलित हैं ) जिला निर्वाचन कार्यालय में प्राप्त करना और उन्हें सुरक्षित अभिरक्षा में रखना।*

(7) *अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों का सशुल्क निरीक्षण करने या उनके किसी अशं की प्रमाणित प्रति प्रदाय करने तथा सूचियों के विकय की व्यवस्था करना ।*

***कानूनी प्रावधान :–***

(1) ***अधिनियम** :– हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत सभी मतदाताओ की अर्हता या निरर्हता तथा मतदाता सूचि (निर्वाचक नामावली) में नाम सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में जो प्रावधान है, उनका उद्धरण **परिशिष्ट–एक** पर है।*

(2) ***नियम**:– उपरोक्त अधिनियम के अन्तर्गत बनाये गये "निर्वाचन नियम" हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 कहलाते हैं, इन नियमों के अन्तर्गत सूचि तैयार करने से सम्बन्धित प्रावधान **परिशिष्ट–दो** पर उद्धृत है।*

***पदाभिहित अधिकारी :–***

*राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जिस अधिसूचना के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने कि शक्तियां प्रदत की गई है, उसका विवरण परिशिष्ट–तीन पर है :–*

***मतदाता सूचि में नाम सम्मिलित किये जाने के लिए अर्हता और निरर्हता :–***

(i) *प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये मतदाता सूचि वार्डवार तैयार की जायेगी।*

(ii) *मतदाता सूचि तैयार करने के लिये अर्हकारी तारीख (क्वालीफाईंग डेट) उस वर्ष की पहली जनवरी होगी, जिस वर्ष में उसे तैयार किया जाये।*

(iii) *मतदाता सूचि में नाम दर्ज किये जाने के लिए अर्हता :–*

*कोई भी व्यक्ति मतदाता सूचि में नाम दर्ज किये जाने का हकदार होगा यदि वह–*

(*क*) *अर्हककारी तारीख को (अर्थात् उस वर्ष के जनवरी माह के प्रथम दिन) 18 वर्ष से कम आयु का नहीं है,*

(*ख*) *उस ग्राम पंचायत के क्षेत्र का मामूली तौर पर से निवासी (अर्थात् सामान्यता निवासी) है, और*

(*ग*) *विधान सभा की निर्वाचक नामावली में (जो कि उक्त ग्राम पंचायत से सम्बन्धित हो ) नाम दर्ज किये जाने के लिये अन्यथा अर्हित है,*

(iv) *मतदाता सूचि में नाम दर्ज किये जाने के लिये निरर्हता :–*

*कोई भी व्यक्ति मतदाता सूचि में नाम दर्ज किये जाने के लिये अयोग्य (निरर्हित ) होगा यदि वह –*

(*क*) *भारत का नागरिक नहीं है, या*

(*ख*) *पागल (विकृतचित का ) है या सक्षम न्यायालय द्वारा उसे ऐसा घोषित किया गया है, या*

(*ग*) *सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 (1955 के अधिनियम 22) के अधीन किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया है, जब तक की उसकी दोषसिद्धि के समय से पांच वर्ष की कालावधि या ऐसी कम कालावधि जिसे राज्य सरकार किसी विशिष्ट मामले में अनुज्ञात करें, नहीं बीत गई हो, या*

(*घ*) *निर्वाचन के सम्बन्ध में भ्रष्ट आचरणों तथा अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मतदान करने के लिये तत्समय निरर्हित है, और*

(*ङ*) *जो फिलहाल चुनाव के सम्बन्ध में, भ्रष्टाचार या अन्य आरोपों से सम्बन्धित किसी कानून के अन्तर्गत मतदान के लिये अयोग्य है,*

(v) *किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम, जो कि नाम दर्ज कर लिये जाने के पश्चात निरर्हित हो जाता है, उस मतदाता सूचि में से, जिसमें कि वह नाम सम्मिलित है, तत्काल काट दिया जायेगा–*

*परन्तु किसी व्यक्ति का नाम, जो कि निरर्हता के कारण मतदाता सूचि में से काटा गया है, उस सूचि में उस परिस्थिति में तत्काल पुनः स्थापित कर दिया जायेगा ऐसी निरर्हता समाप्त हो जाये या विधिवत हटा दी गई हो ।*

## *अध्याय–2*

## *मतदाता सूचि तैयार करना*

1. ***पंचायतों के साधारण निर्वाचन के लिये मतदाता सूचि तैयार करना :–***

*त्रि–स्तरीय पंचायतों के साधारण निर्वाचन आम चुनाव के लिये मतदाता सूचि, विधान सभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली (अर्थात् तत्समय प्रभावशाली निर्वाचक नामावली ) के आधार पर, ग्राम पंचायतवार तैयार की जायेगी, इस हेतू जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा जिले के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र की, प्रचलित निर्वाचक नामावली की चार प्रतियां और डाटाबेस सी0डी0 जिला कार्यालय की निर्वाचन शाखा से प्राप्त की जाये और उसे खण्डवार भागो में बांटा जाये, तत्पश्चात् प्रत्येक खण्ड से सम्बन्धित भाग सम्बन्धित खण्ड स्तरीय जिला निर्वाचन/इलैक्ट्रोल अधिकारी को तथा जिला स्तर पर नियुक्त किये गये जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराया जाये, सभी खण्ड जिला विकास अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा निर्वाचक नामावली की खण्डवार प्रतियां तैयार कराते समय इस बात की सावधानी से जांच की जाये कि वे पूर्ण और सुसंगत है और उनके साथ संलग्न अनुपूरक सूचियां भी लगी है ।*

*प्राप्त निर्वाचक नामावली के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों की वार्डवार मतदाता सूचियां तैयार करने का कार्य हाथ में लिया जाये इस कार्य में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी (पंचायत) की सहायता ले ली जाये, सामान्तया प्रत्येक जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पंचायत समिति निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कार्य का दायित्व सौपां गया है परन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी के रिक्त पद होने पर उस खण्ड की निर्वाचक नामावली बनवाने का कार्य जिला स्तर पर नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी या खण्ड विकास अधिकारी द्वारा इस हेतू प्राधिकृत अधिकारी को सौंपा जा सकता है। यह कार्य खण्ड कार्यालय में निम्नानुसार सम्पन्न किया जाये :–*

(i) *सर्वप्रथम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में प्रत्येक ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों को चिन्हित किया जाये और फिर प्रत्येक ग्राम में सम्मिलित मकानों की अवस्थिति (लोकेशन ) के अनुसार उनके समक्ष, हाथ से उस वार्ड का कमांक (नम्बर) लिखा जाये जिसके अन्तर्गत वे मकान आते हैं ।*

(ii) *तत्पश्चात् प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये, उसके विभिन्न वार्डो के अन्तर्गत आने वाले मकानों और मतदाताओं की संख्या का ब्यौरा दर्शाने वाला एक "आधार–पत्रक" **परिशिष्ट–चार** के अनुसार तैयार किया जाये।*

(iii) *उपरोक्तानुसार तैयार किये गये आधार–पत्रक का मौके पर, वार्डो की अधिसूचित सीमाओं के साथ मिलान किया जाये, ऐसा करना इसलिये आवश्यक है ताकि किसी वार्ड की अधिसूचित सीमा के अन्दर स्थित कोई भी मकान/आवास स्थान उस वार्ड की मतदाता सूचि में सम्मिलित होने से रह न जाये और न ही उसमें ऐसा कोई मकान/आवास स्थान सम्मिलित होने पाये जो वस्तुतः उस*

*वार्ड की अधिसूचित सीमा के अन्तर्गत न होकर, उसके बाहर (अर्थात् किसी अन्य वार्ड में) स्थित है मिलान का यह कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्बन्धित हल्का पटवारी और ग्राम पंचायत के सचिव की संयुक्त टीम से कराया जाये, मिलान में कोई गलती प्रतिवेदन की जाने पर जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा वार्ड की मतदाता सूचि को तदनुसार सुधार लिया जाये।*

2. ***मतदाता सूचि की हस्तलिखित प्रति तैयार करना :–***

*आधार पत्रक (परिशिष्ट–चार) की जांच पड़ताल हो जाने पर प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि की हस्तलिखित प्रति तैयार करने के कार्य के लिये जिला निर्वाचक अधिकारी सम्बन्धित खण्ड के खण्ड विकास एवं पचांयत अधिकारी/पंचायत अधिकारी सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों से कुछ चुने हुये कर्मचारियो को पूर्व निर्धारित तारीख/तारीखो को अपने कार्यालय या खण्ड मुख्यालय में एक साथ बुलाया जाये। इस कार्य हेतू उन्हीं कर्मचारियों का चयन किया जाये जिनका हस्तलेखन अच्छा हो। चयनित प्रत्येक कर्मचारी को 5 से 10 ग्राम पंचायतों की हस्तलिखित प्रति तैयार करने का कार्य सौपां जाये, यह कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपनी स्वंय की देखरेख में सम्पन्न कराया जाये ।*

*हस्तलिखित प्रति तैयार करने का कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विधान सभा की निर्वाचक नामावली के सम्बन्धित भाग अनुक्रमांक के साथ संलग्न अनुपूरक सूचि में दर्ज परिवर्धन (अर्थात् जोड़े हुये अतिरिक्त नाम), संशोधन (अर्थात् प्रविष्टियों में की गई त्रुटियों का सुधार) तथा विलोपन (अर्थात् नामावली में से विलोपित नाम) मूल सूचि में एकीकृत) इन्टीग्रेट कर दिये जाएं, दूसरे शब्दो में अनुपूरक सूचि में जो भी परिवर्धन दर्ज हो उन्हें मूल निर्वाचक नामावली में सही स्थान पर अर्थात् (सुसंगत मकान नम्बर के पास) लाल स्याही से दर्ज किया जाए। इसी प्रकार निर्वाचक नामावली की प्रविष्टियों (अर्थात् मकान नम्बर नाम पिता/पति का नाम तथा आयु ) में त्रुटियों के सुधार से सम्बन्धित जो संशोधन हुये हो, उन्हें भी मूल नामावली में यथास्थान लाल स्याही से सुधार दिया जाये। ठीक इसी प्रकार, जो नाम मृत्यु या ग्राम छोडकर चले जाने से या पात्रता न रहने के कारण अनुपूरक सूचि मे विलोपन शीर्ष के अन्तर्गत दर्ज हो, वे यदि मूल नामावली में लाल स्याही से न कटे हुये हो तो उन्हें लाल स्याही से काट दिया जाये तदपुरान्त नामावली के सम्बन्धित भाग अनुक्रमांक में सम्मिलित मतदाताओ के सरल क्रमांक (सिरियल नम्बर )सिलसिलेवार 01 से अन्त तक नये सिरे से लिख दिए जाएं।*

*उपरोक्त कार्यवाही सम्पन्न हो जाने के पश्चात आधार पत्रक **परिशिष्ट–चार** के आधार पर ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि की वार्डवार हस्तलिखित प्रति **परिशिष्ट–पांच** के अनुसार तैयार की जाए। हस्तलिखित प्रति में प्रविष्टियों का क्रम निम्नानुसार रहेगा :–*

| क्र.0 संख्या | ______20.. को अन्तिम प्रकाशित विधान सभा मतदाता सूचि का क्रमांक | मकान नम्बर | मतदाता का नाम | पिता/पति का नाम | पुरूष/स्त्री | आयु 1जन. 20.. | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये पहचान पत्र का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

*हस्तलिखित प्रति में प्रविष्टियों को रंनिंग मैटर की तरह दो सतम्भो (कालमज) में लिखा जाये और प्रत्येक पृष्ठ के शीर्ष पर बांई ओर ग्राम पंचायत का नाम तथा बीच में पृष्ठ कमांक लिखा जाए सूचि में सम्मिलित प्रत्येक वार्ड का कमांक कोष्टक में सम्बन्धित गांव के नाम सहित, सूचि की शुरूआत में, एक उप शीर्षक के तौर पर, बड़े अक्षरो में अंकित किया जाये जिससे यह आसानी से देखा जा सके कि सूचि में कौन सा वार्ड, किस गांव में है और कहां से (अर्थात् किस गृह कमांक से शुरू हो रहा है ) और कहां पर समाप्त हो रहा है, प्रत्येक ग्राम पंचायत की हस्तलिखित प्रति के प्रथम पृष्ठ के शुरू के आधे भाग को कोरा छोड दिया जाये ताकि सूचि पूरी बन जाने पर उसमें* ***परिशिष्ट—पांच*** *में दिये गये नमूने के अनुसार सार विवरण (गोशवारा) अंकित किया जा सके।*

*मतदाता सूचि में ग्राम पंचायत के वार्ड एक के बाद एक, कमानुसार रखे जाये परन्तु सूचि में मतदाताओं के सरल कमांक (सिरियल नम्बर) सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिये कमांक 01 से प्रारम्भ कर अन्त तक सिलसिलेवार लिखे जांए।*

*ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि की हस्तलिखित प्रति तैयार हो जाने पर उसके अन्त में, तैयार करने वाले कर्मचारी द्वारा अपने हस्ताक्षर किये जाये साथ ही, सूचि के प्रथम पृष्ठ के प्रारभिक अर्ध भाग में, जो कि कोरा छोड दिया गया था* ***परिशिष्ट पांच*** *में दिये गये नमूने के अनुसार, सार विवरण दर्ज किया जाये। तत्पश्चात प्रत्येक ग्राम पंचायत की हस्तलिखित प्रति की, वरिष्ठ स्तर के कुछ अन्य कर्मचारियों से जांच कराई जाये और यदि जांच में कोई त्रुटि पाई जाये तो उन्हें सुधार दिया जाये। जांच करने वाले कर्मचारी द्वारा भी जांच के पश्चात सूचि के अन्त में अपने हस्ताक्षर किये जाये।*

***3. हस्तलिखित प्रति की नमूना जांच :—***

*जिस जिला निर्वाचन/इलैक्टरोल अधिकारी के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत सम्बन्धित ग्राम पंचायत आती है उसके द्वारा स्वयं भी हस्तलिखित प्रति की नमूना जांच की जाए और उसके पूर्ण और सही होने के सम्बन्ध में सन्तुष्टि हो जाने पर उसके अंतिम पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर के साथ पदनाम की मोहर लगाकर उसे अभिप्रमाणित किया जाये।*

*जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा इस बात की विशेष तौर पर जांच की जाये कि क्या सूचि में खण्ड के सामान्यतः निवासी संसद सदस्य/विधान सभा सदस्य के नाम तथा पंचायत समिति और जिला परिषद्ो के सदस्यो के नाम सम्मिलित है या नहीं। यदि इनमें किसी का नाम छूट गया हो तो उसे जोडा जाये और सूचि की एक बार पुनः सावधानी से संवीक्षा की जाये।*

*उपरोक्तानुसार खण्ड के अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों की हस्तलिखित प्रतियां तैयार हो जाने पर, जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा उन्हें खण्डवार (पंचायत समितिवार) समेकित करके उनकी एक फोटो कापी कराकर दो सैट तैयार किये जाए मूल सैट अपनी अभिरक्षा में रखते हुये उसके द्वारा एक फोटो कापी वाला सैट जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत ) को भेज दिया जाये तथा आयोग द्वारा जारी निर्देशों अनुसार कार्यवाही की जाये ।*

4. *मतदाता सूचि का मुद्रण :–*

*विभिन्न प्रयोजनों के लिये (ग्राम पंचायतवार) मतदाता सूचि की 30 प्रतियों की आवश्यकता है, अतएव राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मुद्रणालय से मुद्रण की, तदनुसार कार्यवाही की जाये। सूचि के पहले पृष्ठ को छोड़कर जिसके आधे भाग में सार विवरण (गोशवारा ) मुद्रित किये जाने के कारण 40 मतदाताओ के नाम रहेगे, बाद में प्रत्येक पृष्ठ में लगभग 100 मतदाताओ के नाम दो भागों में आठ–2 कालम मुद्रित किये जाने चाहिए अतएव यदि किसी ग्राम पंचायत में लगभग 1000 मतदाता हो तो मुद्रित सूचि का आकार लगभग 9 या 10 पृष्ठो का रहेगा।*

*मुद्रित प्रति की (प्रूफ रीडिंग) का दायित्व सम्बन्धित खण्ड के जिला निर्वाचन अधिकारी का होगा। यह कार्य बहुत सावधानी से किया जाना अपेक्षित हो ताकि सूचि में कोई बड़ी गलती जैसे कि किसी मतदाता का नाम छूट जाना या किसी कटे हुये नाम का मुद्रित हो जाना आदि न होने पाये ।*

*5. पंचायतो में उप–निर्वाचन के लिये मतदाता सूचि तैयार करना :–*

*त्रिस्तरीय पंचायतो के उप–निर्वाचन के सन्दर्भ में मतदाता सूचियां तैयार करने के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही की जाये:–*

*उप–जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र की प्रचलित निर्वाचक नामावली की चार प्रतियां तथा उससे सम्बन्धित सी0डी0 जिला कार्यालय की निर्वाचन शाखा से प्राप्त की जाये और उसे खण्डवार भागों में बांटा जाये। इस बात का ध्यान रखा जाये कि निर्वाचक नामावली की खण्डवार प्रतियां पूर्ण और सुसंगत है और उनके साथ संलग्न अनुपूरूक सूचियां भी लगी हुई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक खण्ड से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का एक सैट जो कि विगत निर्वाचन के समय तैयार किया गया हो, अपने स्टाक से निकाला जाये, इन दोनों को इकटठा करके सम्बन्धित खण्ड के जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करवाया जाये।*

*जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा खण्ड विकास एवं पचांयत अधिकारी की सहायता से विगत निर्वाचन के समय तैयार किये गये सैट में से उन ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों को विस्तृत पुनरीक्षण हेतू अलग कर लिया जाये जो जिला परिषद्/पंचायत समिति के उस समय रिक्त निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आती है जिसमें सदस्य का उप–निर्वाचन होना है या जिनमें सरपंच या पंच के रिक्त स्थान के लिये उप–निर्वाचन होना है तत्पश्चात इन सूचियों का विधान सभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली वाले सैट के सुसंगत भाग के साथ मिलान करके इन्हें अद्यतन किया जाये। इसका सहज तरीका यह है कि दो–दो कर्मचारियों की टोलियां बनाकर प्रत्येक टोली को 8 से 10 ग्राम पंचायतों की विगत निर्वाचन से सम्बन्धित "मतदाता सूचिया" तथा विधानसभा की प्रचलित "निर्वाचक नामावली" के सुसंगत भाग अनुक्रमांक सौपें जाये, टोली का पहला कर्मचारी एक–एक करके प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि में शामिल मतदाताओं के नाम क्रमशः पढता जायेगा तथा दूसरा कर्मचारी विधानसभा के सुसंगत भाग अनुक्रमांक की निर्वाचक नामावली में उन नामों के सामने सही का निशान ( ) लगाता जायेगा। इस प्रकार ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि का विधान सभा की निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग से मिलान कार्य पूरा हो जाने पर विधान सभा की निर्वाचक नामावली से सुसंगत भाग में जो नाम शेष रह जाये उन्हें सम्बन्धित ग्राम*

*पंचायत की अनुपूरक मतदाता सूचि में परिवर्धन से सम्बन्धित खण्ड में जोड़ दिया जाये। विधान सभा की निर्वाचक नामावली में जो नाम संशोधित किये गये हो (अर्थात् संशोधन सूचि में सम्मिलित हों ) यदि वे ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि में भी अशुद्ध रूप से छपे हुये हो तो लाल स्याही से संशोधित कर दिया जाये और उनकी प्रविष्टि अनुपूरक सूचि में संशोधन से सम्बन्धित खण्ड में की जाये। इसी क्रम में विधान सभा की निर्वाचक नामावली में जो नाम कटे हुये हो अर्थात् विलोपन सूचि में सम्मिलित हो उन्हें ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि में भी लाल स्याही से काट दिया जाये और सम्बन्धित अनुपूरक सूचि में विलोपन से सम्बन्धित खण्ड में दर्ज किया जाये। कदाचित यदि ग्राम पंचायत की मूल सूचि में ऐसे नाम पहले से ही न हो तो उनके विलोपन का प्रश्न ही नहीं उठता।*

*यह सम्भव है कि ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि में कुछ ऐसे नाम जो विधान सभा की निर्वाचक नामावली में समाविष्ट न हो ऐसे अतिरिक्त नामों को ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचि से काटा न जाये। उन्हें यथावत बने रहने दिया जाये।*

*संशोधित अनुपूरक सूचि में “परिवर्धन खण्ड” के अन्तर्गत सम्मिलित मतदाताओं के सरल क्रमांक (सिरियल नम्बर) मूलसूचि की क्रम संख्या से आगे जारी रखे जाये। उदाहरणार्थ यदि मूल सूचि में अंतिम मतदाता का सरल क्रमांक 937 हो तो परिवर्धन सूचि क्रमांक 938 से प्रारम्भ की जाये और उसे क्रमशः आगे बढाया जाये।*

*उपरोक्त कार्यवाही के पश्चात प्रत्येक ग्राम पंचात के लिये अलग–2 अनुपूरक सूचि की हस्तलिखित प्रति तैयार करने की कार्यवाही हाथ में ली जाये। यह कार्य कार्यालय के ऐसे कुछ चुने हुय कर्मचारियों से कराया जाये जिनका हस्तलेखन अच्छा हो, रिक्त निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी ग्राम पंचायतों की अनुपूरक सूचियों की हस्तलिखित प्रतियां तैयार हो जाने पर किसी वरिष्ठ स्तर के कर्मचारी से उनकी जांच कराई जाये और यदि जांच में कोई त्रुटि पाई जाये तो उसे सुधार दिया जाये। तदुपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्तलिखित प्रति की स्वयं नमूना जांच की जाये और उनके पूर्ण और सही होने के सम्बन्ध में संतुष्टि हो जाने पर प्रत्येक ग्राम पंचायत से सम्बन्धित अनुपूरक सूचि की हस्तलिखित प्रति के अतिंम पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर के साथ पदनाम की मोहर लगाकर उसे अभिप्रमाणित किया जाये। तत्पश्चात उप–निर्वाचन वाले क्षेत्रों से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां (संशोधित अनुपूरक सूचियां सहित ) इकटठा करके उनकी फोटो कापी कराकर एक अतिरिक्त सैट तैयार कराया जाये। मूल सैट अपने पास रखते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दूसरा सैट जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को मुद्रणार्थ भेज दिया जाये ।*

***विशेष टीप :–***

*उपरोक्त विवरण से यह देखा जायेगा कि त्रिस्तरीय पंचायतों के उप–निर्वाचनों के सन्दर्भ में, केवल उन्ही ग्राम पंचायतों का प्रारूप मतदाता सूचियां विधान सभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली के आधार पर तैयार की जानी है जो जिला परिषद, पंचायत समिति के ऐसे रिक्त निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आती है जिसमें सदस्य का उप–निर्वाचन होना है या जिसमें सरपंच या पंच के रिक्त स्थान के लिये उप–निर्वाचन होना है, शेष निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के मामले में मतदाताओं*

*को दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर देने के लिये पिछले निर्वाचन के समय तैयार की गई मतदाता सूचियां सार्वजनिक निरीक्षण के लिये ग्राम पंचायत/पंचायत समिति या जिला परिषद् जैसी स्थिति हो के कार्यालय, तहसील कार्यालय और खण्ड निर्वाचन कार्यालय और जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत )के कार्यालयों के नोटिस बोर्डों पर जिस ग्राम से सूचि सम्बन्धित है, उस ग्राम में एक या दो सहजदृश्य स्थानों पर चिपकाया जाना प्रर्याप्त है। इस सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश* ***अध्याय–3 के पैरा 5*** *में दिये गये हैं।*

***मुद्रण :–***

*विभिन्न प्रयोजनों के लिये प्रश्नाधीन निर्वाचन क्षेत्र (अर्थात् जिसमें उप–चुनाव होना है ) की मतदाता सूचियां की 30 प्रतियां की आवश्यकता है अतएव जिला स्तर पर मुद्रण की तदनुसार कार्यवाही की जाये प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि के पहले पृष्ठ को छोडकर जिसके आधे भाग में सार विवरण (गोशवारा) मुद्रित किये जाने के कारण 40 मतदाताओं के नाम रहेगें। बाद में प्रत्येक पृष्ठ में लगभग 100 मतदाताओं के नाम दो भागो में आठ–2 कालम में मुद्रित किये जाने हैं। अतएव यदि किसी ग्राम पंचायत में मतदाताओं की संख्या 1000 हो तो मुद्रित सूचि का आकार लगभग 9 या 10 पृष्ठों का रहेगा।*

*मुद्रित प्रति की प्रुफ रीडिंग का दायित्व सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी का होगा। यह कार्य बहुत सावधानी से किया जाना अपेक्षित है ताकि सूचि में कोई बडी गलती जैसे कि किसी मतदाता का नाम छूट जाना या किसी कटे हुये नाम का मुद्रित हो जाना आदि न होने पाये।*

## अध्याय–3
## मतदाता सूचि का प्रकाशन तथा उसके निरीक्षण की व्यवस्था

1. **मतदाता सूचि के निरीक्षण तथा दावे और आपतियां प्रस्तुत करने के लिये केन्द्रों (स्थानों) का निर्धारण :–**

ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार हो जाने पर उन्हें सर्वसाधारण के निरीक्षण के लिये उपलब्ध कराने की व्यवस्था निम्नांकित स्थानों पर की जाये :–

(i) सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय।

(ii) सम्बन्धित ग्राम पंचायतें, पंचायत समिति एवं जिला परिषद कार्यालय।

(iii) सम्बन्धित तहसील का कार्यालय।

(iv) सम्बन्धित खण्ड निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) का कार्यालय ।

(v) सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) का कार्यालय तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में उनके बाबत दावे या आपतियां प्राप्त करने की व्यवस्था की जाये।

2. **प्रचार–प्रसार :–**

उपरोक्त स्थानों के बाबत जहां की मतदाता सूचियां सार्वजनिक निरीक्षण के लिये रखी जानी प्रस्तावित हों, तथा ग्राम में जिस स्थान पर उनके बारे दावे या आपतियां प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है, व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये। इस हेतू सूचियों के प्रकाशन के **कम से कम 3 दिन पूर्व परिशिष्ट–छ** में दिये गये प्ररूप में ऐसे स्थानों पर एक सूचना प्रदर्शित की जाये, सूचना का प्रदर्शन सम्बन्धित प्रत्येक ग्राम में एक या दो सहजदृश्य स्थानों पर (जैसे कि सहकारी समिति का कार्यालय, उचित मूल्य की दुकान, आंगनवाडी केन्द्र, चौपाल आदि ) में भी किया जाये, साथ ही सूचना की एक प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जिला परिषद् सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्य को भी भेजी जाये, स्थानीय समाचार पत्रों तथा क्षेत्रीय आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र से भी इस सम्बन्ध में प्रचार कराया जाये।

3. **प्रशासनिक व्यवस्था :–**

(1) मतदाता सूचि का निरीक्षण कराने के लिये निर्धारित प्रत्येक केन्द्र (स्थान) में एक कर्मचारी नियुक्त किया जाना आवश्यक है, सूचि का निरीक्षण कराने तथा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपयुक्त कर्मचारियों का चयन मतदाता सूचि तैयार करने की प्रकिया प्रारम्भ होते ही कर लिया जाना चाहिए, ऐसे कर्मचारी निम्नांकित हो सकते हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में | कार्यालय का कोई कर्मचारी या पटवारी |
| (ii) | तहसील कार्यालय में | कोई पटवारी या स्थानीय किसी शासकीय कार्यालय का कोई कर्मचारी |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | *खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में* | *कार्यालय का कोई कर्मचारी या पटवारी* |
| (iv) | *ग्राम पंचायत कार्यालय में* | *हल्का पटवारी या सहायक कृषि विस्तार अधिकारी या ग्राम सचिव या स्थानीय पाठशाला का कोई भी शिक्षक।* |

*चयनित कर्मचारियों के नियुक्ति आदेश* ***परिशिष्ट–सात*** *में दिये गये प्ररूप में जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किये जाये, परन्तु आदेश जारी करने के पूर्व चयनित कर्मचारियों की सूचि का अनुमोदन जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) से प्राप्त कर लिया जाये ।*

*जहां तक जिला निर्वाचन अधिकारियों को सहायता प्रदान करने का प्रश्न है सामान्यता प्रत्येक खण्ड के लिये विकास एवं पंचायत अधिकारी/समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी/नायब तहसीलदार को नियुक्त किया जाये परन्तु जिले में उपलब्ध नायब तहसीलदारों की संख्या कम होने पर कानूनगो को भी नियुक्त किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव सम्बन्धित उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) से परामर्श करके तैयार किये जायें। नियुक्ति आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचि के प्रारभिंक प्रकाशन के लिये अधिसूचना जारी होते ही, जारी कर दिये जाये, नियुक्ति आदेश* ***परिशिष्ठ आठ*** *में दिये गये प्ररूप में जारी किये जाये ।*

(2) *जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, मतदाता सूचि के प्रारभिंक प्रकाशन के पूर्व किसी एक दिन, निर्धारित केन्द्रों के लिये नियुक्त किये गये समस्त प्राधिकृत कर्मचारियों को अपने कार्यालय या खण्ड मुख्यालय में बुलाकर उनके प्रशिक्षण का आयोजन किया जाये उन्हें मतदाताओं के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में आयोग द्वारा प्रकाशित निर्देश पुस्तिका तथा उनके प्रभार के क्षेत्र की मतदाता सूचि की एक प्रति के साथ अन्य आवश्यक सामग्री भी प्रदान किया जाये ।*

(3) *जिन केन्द्रो में प्राधिकृत कर्मचारियों को कार्य करना है उनका जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पहले से ही निरीक्षण करके वहां बैठने और कार्य करने के लिये निर्धारित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें ।*

(4) *प्रकाशित सूचि की सुरक्षा और देखभाल का उतरदायित्व निरीक्षण केन्द्र पर नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारी का होगा। दावे तथा आपतियां प्राप्त करने के लिये प्राधिकृत कर्मचारी को निर्धारित अवधि के दौरान प्रत्येक कार्यकारी दिन पूरे समय सम्बन्धित ग्राम पंचायत पर निरन्तर उपस्थित रहना आवश्यक है ।*

(5) जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सूचि के निरीक्षण और दावे तथा आपतियां प्राप्त करने के लिये निर्धारित केन्द्रो का बीच–बीच में निरीक्षण किया जाये और यदि वहां कार्य संचालन में किसी कठिनाई का अनुभव किया जा रहा है तो उसे तत्परता से दूर किया जाये ।

(6) दावे तथा आपतियां प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्थान में मतदाता सूचि के निरीक्षण हेतू आने वाले लोगो के बैठने के लिये समुचित व्यवस्था की जाये। प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा दावे तथा आपतियों के लिये प्रयोग में लाने के लिये राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विदित प्ररूप अथवा फार्मो के एक–एक नमूने अपने कक्ष में किसी सहज दृश्य स्थान पर सर्वसाधारण की जानकारी के लिये प्रदर्शित किये जाये।

(7) जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत कर्मचारियों को दावे तथा आपतियों से सम्बन्धित कार्य सम्पादन के लिये निम्नांकित सामग्री उपलब्ध कराई जानी होगी अतएव इनकी पहले से व्यवस्था की जाये :–

(i) दावे तथा आपतियों के लिये फार्म (परिशिष्ट नौ, दस तथा ग्यारह )

(ii) दावे **और आपतियों का दैनिक विवरण (परिशिष्ट–बारह)**

(8) प्रत्येक प्राधिकृत कर्मचारी का उस जिला निर्वाचन अधिकारी से सम्बन्ध रहेगा जिसके अधिकार क्षेत्र के किसी केन्द्र में उसे नियुक्त किया गया है और उसी के नियन्त्रण तथा मार्गदर्शन में कार्य करेगा ।

4. **मतदाता सूचि का प्रकाशन** :–

उस तारीख को जो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विनिश्चित की गई हो, मतदाता सूचि आम लोगों के निरीक्षण के लिये प्रकाशित कर दी जाये, इस हेतू हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 9 के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर तथा निम्नांकित कार्यालयों में से प्रत्येक के नोटिस बोर्ड पर, **परिशिष्ट छः** में दिये गये प्ररूप में एक नोटिस लगाया जाये।

(i) सम्बन्धित ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद के कार्यालय में

(ii) सम्बन्धित ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक ग्राम में एक या दो सहज दृश्य स्थानों पर (जैसे कि सहकारी समिति का कार्यालय, उचित मुल्य की दुकान, आंगनवाडी केन्द्र, चौपाल आदि )

(iii) तहसील कार्यालय

(iv) जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय

(v) खण्ड निर्वाचन कार्यालय (पंचायत) जिस भाग में पडता है ।

(vi) जिला परिषद् की सूचि प्रत्येक ग्राम में, यदि ग्राम वार्ड में है ।

5. **त्रिस्तरीय पंचायतों के उप–निर्वाचन के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध** :–

(1) किसी ग्राम पंचायत में सरपंच या पंच के रिक्त स्थान को भरने के लिये सम्बन्धित ग्राम पंचायत की सम्पूर्ण मतदाता सूचि को पुनरीक्षित किया जाना जरूरी है, इसी प्रकार जिला

*परिषद् या पंचायत समिति के सदस्य के किसी रिक्त स्थान को भरने के लिये सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक ग्राम पंचायत की मतदाता सूचि का पुनरीक्षण आवश्यक है, इस हेतू ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक ग्राम पंचायत में उस ग्राम पंचायत की (अध्याय –2 के प्रावधान अनुसार तैयार की गई ) प्रारभिंक मतदाता सूचि का आम लोगों को निरीक्षण कराने तथा दावे और आपतियां प्राप्त करने और उनमें प्राथमिक जांच करने उपरान्त उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी के पास पहुंचाने के लिये एक प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त किया जाये, प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्य तथा उनके माध्यम से प्राप्त दावे और आपतियां के निराकरण का कार्य का पर्यवेक्षण, जिला निर्वाचन अधिकारी की सहायता के लिये नियुक्त सम्बन्धित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी तथा नायब तहसीलदार द्वारा स्वयं किया जाये।*

(2) *जिला परिषद या पंचायत समिति क्षेत्र को छोडकर जिसमें सामान्य निर्वाचन/उप–निर्वाचन होना है अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण और मुद्रण आवश्यक नहीं है, फिर भी उनका प्रारम्भिक प्रकाशन करना और उनके सम्बन्ध में दावे और आपतियां प्रस्तुत करने का अवसर सुलभ कराना जरूरी है, क्योंकि सैद्धातिंक रूप से जिला परिषद या पंचायत समिति के उप–निर्वाचन में चुनाव लडने वाला अभ्यर्थी यथास्थिति, जिला परिषद या पंचायत समिति के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का निवासी हो सकता है अतः ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत सामान्यतः निवास करने वाले मतदाताओ को दावे और आपतियां प्रस्तुत करने का अवसर उपलब्ध कराने के लिये सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की प्रचलित मतदाता सूचियों को अर्थात् जो कि पिछले निर्वाचन के समय तैयार की गई हो, सार्वजनिक निरीक्षण के लिये निम्नांकित कार्यालयों में रखा जाये और वहीं पर निर्धारित अवधि के दौरान उनके सम्बन्ध में दावे और आपतियां प्राप्त करने की व्यवस्था की जाये :–*

(i) *कार्यालय, सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी*

(ii) *कार्यालय सम्बन्धित पंचायत समिति/जिला परिषद्*

(iii) *कार्यालय तहसील*

(iv) *कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी*

*प्रस्तुत दावो और आपतियों में जांच और सुनवाई के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा **अध्याय–7** के प्रावधानों के अनुसार सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों को अन्तिम रूप से संशोधित किया जाये ।*

***टीप :–***

*यहां पर यह स्पष्ट करना उचित होगा कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम* 12 (1) *के अन्तर्गत पिछले निर्वाचन के समय नियम* 10(4)*के प्रावधान के अनुसार तैयार की*

*मतदाता सूचि तब तक प्रभावशाली रहती है जब तक इसे पुनरीक्षित नहीं कर दिया जाता है। चूंकि किसी निर्वाचन क्षेत्र विशेष में कराये जाने वाले उप–निर्वाचन में सामान्तया उस निर्वाचन क्षेत्र को छोडकर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के मतदातागण, मतदाता सूचियों के संशोधन में कोई विशेष रूचि प्रदर्शित नहीं करते, अतएव शेष निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण अर्थात् विधान सभा की निर्वाचन नामावली के आधार पर उन्हें नये सिरे से तैयार करना और उनमें संशोधन के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त करना आदि अनावश्यक है और न ही ऐसी सूचियों का, पुनरीक्षण के पश्चात मुद्रण आवश्यक है, ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने या किसी प्रविष्टि को संशोधित या विलोपित करने के इच्छुक मतदाताओं को इस हेतू समुचित अवसर देने के लिये पिछले निर्वाचन के समय तैयार की गई मतदाता सूचि को प्रारभिंक (प्रारूप) सूचि के तौर पर उपयोग में लाया जाता है और इस प्रयोजन के लिये केवल उपर्युक्त कार्यालयों अर्थात् खण्ड सतरीय जिला निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय और पंचायत समिति, जिला परिषद कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी तथा खण्ड विकास एवं पचायत अधिकारी के कार्यालय में व्यवस्था कराना सर्वथा विधिसम्मत और पर्याप्त है।*

## *अध्याय–4*

## *दावें तथा आपतियां प्राप्त करना*

(1) *मतदाता सूचि के निरीक्षण के लिये निर्धारित स्थान पर तैनात प्राधिकृत कर्मचारी को दावे या आपतियां प्रत्येक कार्यकारी दिन कार्यालय समय के दौरान ( **अर्थात् प्रातः10.00 बजे से सांय 5.00 बजे व आखिरी दिन सांय 3.00 बजे तक** ) कभी भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं, प्राधिकृत कर्मचारी को उक्त अवधि के दौरान बराबर निर्धारित स्थान में उपस्थित रहना चाहिये, यदि कोई मतदाता चाहे तो सीधे जिला निर्वाचन अधिकारी को भी दावा या आपति प्रस्तुत कर सकता है या डाक से भेज सकता है ।*

(2) *प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा किसी व्यक्ति द्वारा दावे, आपति या प्रविष्टियों के संशोधन के लिये फार्म मागें जाने पर (और यदि कोई कीमत निर्धारित की गई है तो उसका भुगतान किये जाने पर ) तत्परता से प्रदाय किया जाये ।*

(3) *सामान्यतया व्यक्तिशः प्रस्तुत आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जाये, लेकिन यदि एक ही परिवार के सदस्यों से सम्बन्धित आवेदन पत्र परिवार का कोई सदस्य इकट्ठा प्रस्तुत करे तो उन्हें ग्रहण कर लिया जाये, यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा (भले ही वह किसी राजनैतिक दल का प्रतिनिधि क्यों न हो ) दावे और आपतियां थोक में प्रस्तुत की जाये तो इन्हें ग्रहण न किया जाये तथा ऐसे प्रस्तुतकर्ता को सलाह दी जाये कि वह सम्बन्धित व्यक्तियों से अलग–2 आवेदन पत्र दिलाएं, क्योंकि दावो और आपतियों के आवेदनों पर जांच के सिलसिले में अलग–2 पूछताछ की जानी होगी।*

(4) ***दावे तथा आपतियां निम्न प्रकार की जा सकती है :–***

*मतदाता सूचि में नाम सम्मिलित न होना, नाम गलत स्थान पर अशुद्ध विशिष्टियों के साथ उल्लिखित होना तथा किसी ऐसे व्यक्ति का नाम सम्मिलित होना जो पात्र नहीं है।*

*आयोग द्वारा विदित प्ररूप में प्रस्तुत किये गये दावे और आपतियां ही स्वीकार किये जा सकते हैं किसी अन्य प्रकार के प्ररूप में नहीं। दावे तथा आपतियां छपे हुये फार्म में प्रस्तुत करना जरूरी नहीं है, वे प्ररूप की फोटो कापी, टंकित या चक्रमुद्रित व हस्तलिखित प्रति में भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं।*

(1) ***दावा** :– दावा केवल मतदाता सूचि में नाम सम्मिलित करने के लिये किया जा सकता है। दावा **परिशिष्ट नौ में उदद्धृत प्ररूप–क** में किया जा सकता है। दावे के समर्थन में सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूचि में सम्मिलित किसी मतदाता के हस्ताक्षर होना जरूरी है।*

*यदि मतदाता अपना नाम मतदाता सूचि के एक स्थान से दूसरे स्थान में अंतरेत करना चाहता है तो उसके द्वारा भी इसी प्ररूप में दावा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जायेगा।*

(2) ***आपतियां** :– आपतियां दो प्रकार की हो सकती है, अर्थात्*

(i) *मतदाता सूचि में सम्मिलित किसी प्रविष्ट के ब्यौरे (जैसे मकान, नम्बर, नाम, पिता/पति का नाम आयु ) के सम्बन्ध में त्रुटि पर आपति :– ऐसी आपति*

*केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिससे वह प्रविष्ट सम्बन्धित है। यह आपति **परिशिष्ट–दस में उदद्धृत प्ररूख–ख** में की जायेगी।*

(ii) *मतदाता सूचि में सम्मिलित किसी नाम पर आपति :– ऐसी आपति किसी मतदाता द्वारा ही की जा सकती है और वह **परिशिष्ट–ग्यारह में उदद्धृत प्ररूप–ग** में की जायेगी। इस प्रकार की आपति के समर्थन में सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूचि में सम्मिलित किसी अन्य मतदाता के हस्ताक्षर होना जरूरी है।*

(5) *प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्रत्येक दावे तथा आपति के सम्बन्ध में दावेदार या आपतिकर्ता को आवेदन की रसीद तथा पेशी तारीख की सूचना जो सम्बन्धित प्ररूप के अन्त में लगी हुई है हाथो–हाथ दी जाये, इसमें सुनवाई के लिये वह तारीख अंकित की जाये जो दावा या आापति प्रस्तुत किये जाने के दिन के ठीक तीन दिन के अन्दर पडने वाले कार्यकारी दिवस की हो, साथ ही, दावेदार या आपत्तिकर्ता से प्ररूप में ही मुद्रित पावती पर उसके हस्ताक्षर करवा लिये जाये या अंगूठे के निशान लगवा लिया जाये।*

(6) *प्राधिकृत कर्मचारी का यह कर्तव्य है कि यदि दावा या आपति प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति विदित प्ररूप में आवेदन पत्र देने में कोई सहायता चाहे तो उसे आवश्यक सहायता या मार्गदर्शन दे।*

(7) *प्राधिकृत कर्मचारी प्रतिदिन उसे प्राप्त दावे और आपतियों का दैनिक विवरण **परिशिष्ट–बारह** में दर्शाये गये प्ररूप में दो प्रतियों में तैयार करेगा, विवरण की एक प्रति और आपत्ति के साथ, अगले दिन दोपहर से पहले जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज देगा, जबकि दूसरी प्रति अपने कार्य स्थान के नोटिस बोर्ड पर लगायेगा नोटिस बोर्ड पर लगाई गई प्रति 3 दिन तक न हटाई जाये, यदि किसी दिन कोई दावा या आपति प्राप्त न हो तो उस तारीख से सम्बन्धित निरंक दैनिक विवरण तैयार किया जाये। दावे और आपतियां प्राप्त करने के लिये निर्धारित अंतिम तारीख को अपराह्न 3–00 बजे के बाद प्रस्तुत किसी दावे या आपति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

(8) *प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक दावे और आपति के सम्बन्ध में प्रस्तुतकर्ता से पूछताछ की जाये और उसके आधार पर उपरोक्त दावा या आपति के प्ररूप में सुसंगत स्थान पर अपनी रिपोर्ट दर्ज की जाये। पूछताछ निम्नांकित बिन्दुओं के सम्बन्ध में की जानी चाहिये :–*

(i) 1 *जनवरी को दावेदार की आयु 18 वर्ष की हो जाने के सम्बन्ध में क्या प्रमाण है? स्कूल प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि क्या है और यदि ऐसा प्रमाण पत्र न हो तो क्या अन्य दस्तावेज या परिस्थिति जन्म साक्ष्य के आधार पर उसकी आयु 18 वर्ष है? यदि मतदाता 18 वर्ष से कहीं अधिक उम्र का हो तो उसके द्वारा पूर्व में नगरपालिका या विधानसभा की निर्वाचन नामावली में नाम दर्ज न कराये जाने का क्या कारण है? क्या ऐसे कारण संतोषजनक है?*

(ii) *उसका मामूली तौर पर निवास का स्थान कहां है और वह क्या करता है उसके परिवार में और कौन–2 लोग है।*

(iii) *जिस व्यक्ति की मृत्यु होने के कारण उसका नाम मतदाता सूचि में बने रहने पर आपति (तथा नाम हटाये जाने की मांग) की गई है उसकी मृत्यु कब/कहां हुई है?*

(iv) *जिस व्यक्ति का नाम उस निर्वाचन क्षेत्र से बाहर रहने या अन्यत्र चले जाने या अपात्रता के कारण मतदाता सूचि में बने रहने पर (तथा नाम हटाये जाने के लिये मांग) आपत्ति की गई है वह कहां रहता है या कब और कहां चला गया या उसकी कथित अपात्रता का आधार क्या है?*

(9) *प्राधिकृत कर्मचारी की रिपोर्ट को मान्य करने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी बाध्य नहीं है, उससे यह अपेक्षित है कि वह मामले में अपना स्वतन्त्र निष्कर्ष निकाले और आवश्यक होने पर अलग से जांच भी करें।*

(10) *जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत कर्मचारियों से प्रतिदिन पूर्वान्ह में, पिछले दिन से सम्बन्धित समस्त दावो और आपत्तियों के आवेदन पत्रों को* ***परिशिष्ट बारह*** *में तैयार किये गये दैनिक विवरण सहित अपने कार्यालय में मंगाने की समुचित व्यवस्था की जाये।*

## *अध्याय–5*
## *दावे और आपतियों की जांच और उनका निपटारा*

*जिला निर्वाचन अधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र के प्राधिकृत कर्मचारियों से दावे और आपतियों के आवेदन पत्र के साथ जो "दैनिक विवरण" **परिशिष्ट–बारह** प्राप्त हो, उसमें उल्लिखित प्रकरणों का पंजीकरण, पृथकशः एक प्रकरण रजिस्टर में किया जाये। प्रकरण रजिस्ट्र्र **परिशिष्ट–तेरह** में दर्शाये गये प्ररूप में संगृहित किया जाये ।*

2. *आपतियों से सम्बन्धित ऐसे मामलो में जिनमें मतदाता सूचि में किसी व्यक्ति का नाम सम्मिलित किये जाने पर आपति की गई हो, (अर्थात् प्राप्त आपतियों से सम्बन्धित मामलों में) आक्षेपित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना आवश्यक है। अतएव इस प्रकार के मामलो में आक्षेपित व्यक्ति को सुनवाई के लिये उसके ज्ञात पते पर (अर्थात् मतदाता सूचि में दर्ज मकान तथा वार्ड के पते पर) **परिशिष्ट–चौदह** में दिये गये प्ररूप में, तुरन्त सूचना भेजी जाये। सूचना की **तामील–रसीद** प्रकरण में सम्बन्धित अभिलेख में रखी जाये। इस सूचना में सुनवाई के लिये वही तारीख अंकित की जाये जो कि आपतिकर्ता को प्राधिकृत कर्मचारी ने निर्धारित प्ररूप में उसकी आपति प्राप्त करते समय संसूचित की हो।*

3. *जिला निर्वाचन अधिकारी को प्राधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से प्राप्त दावों और आपतियों पर सुनवाई उस तारीख को अवश्य करनी चाहिये जो दावेदार या आपतिकर्ता को दी गई पेशी तारीख की सूचना में अंकित है। निर्धारित तारीख को सुनवाई और आवश्यक जांच कर लेने से, न केवल पक्षधारी को सुविधा होती है। वरन कार्य नियमित रूप से निपटाया जाता है और आखरी दिनों के लिये काम का बहुत अधिक बोझ इकटठा नहीं होने पाता, सभी दावे और आपत्तियां राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विनिश्चित तारीख तक अवश्य निपटा दिये जाने चाहिये।*

4. *जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्य का अंधिकाश भाग मतदाता सूचि में नाम जोडे जाने के लिये दावों से सम्बन्धित रहता है, ऐसे दावो में मुख्यतः यह देखा जाना होता है कि क्या दावेदार उस वर्ष की 1 जनवरी को जिस वर्ष में मतदाता सूचि पुनरीक्षित की जा रही है, 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है तथा क्या वह वस्तुतः सम्बन्धित नगर का मामूली तौर पर (अर्थात् सामान्यतः) निवासी है।*

*जहां तक आयु का प्रश्न है उसके लिये जन्मतिथि का कोई विश्वसनीय आधार (जैसे कि परीक्षा प्रमाण पत्र, पाठशाला पंजी या नगरपालिका या ग्राम पंचायत के अभिलेख में लिखित जन्म तिथि आदि ) उपलब्ध हो तो काम आसान हो जाता है, अन्यथा आनुषंगिक साक्ष्य (जैसे कि भाई–बहनो की आयु) के आधार पर निर्णय किया जाना चाहिये।*

*जहां तक मामूली निवास स्थान (अर्थात् सामान्यतः निवास करने के स्थान) का प्रश्न है, यह तथ्य का प्रश्न है कि वह उस स्थान विशेष का निवासी है या नहीं। मामूली तौर से निवासी (सामान्यतः निवासी) का अर्थ :–*

*मामूली तौर पर निवास स्थान (अर्थात् सामान्यतः निवास करने के स्थान) से आशय उस स्थान से है जिसका प्रयोग कोई व्यक्ति सामान्यतः सोने के लिये करता है। यह आवश्यक नहीं है कि वह उस स्थान*

*पर खाना भी खाता हो। वह भोजन या काम बाहर किसी अन्य स्थान पर भी कर सकता है, रहने के ऐसे सामान्य स्थान से अस्थायी अनुपस्थिति की अनदेखी की जा सकती है, कुछ समय के लिये अनुपस्थित रहना किसी व्यक्ति के सामान्यतः निवास को तब तक समाप्त नहीं करेगा जब तक वह वहां लौटाने में समर्थ है और वहां लोटना चाहता है। इस परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि सांसद और विधायक भले ही (सासंद या विधायक के रूप में ) अपने कार्याकलापों के सिलसिले में अपने रहने के समान्य स्थान से बाहर रहते हो फिर भी वे भी अपने नगर या ग्राम में मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के हकदार होंगें। यह केवल तथ्य का प्रश्न है कि कोई व्यक्ति किसी स्थान विशेष का सामान्यतः निवासी है या नहीं? जो व्यक्ति नौकरी या व्यापार के लिये अपने ग्राम या नगर से बाहर चला गया हो उसे उस स्थान से बाहर गया हुआ ही माना जायेगा। सम्बन्धित ग्राम या नगर में ऐसे व्यक्ति के स्वामित्व या कब्जे के किसी भवन या किसी अन्य सम्पति से उसे समान्यतः निवासी की योग्यता प्राप्त नहीं होगी।*

*जेलों, अस्पतालों आदि में रहने वाले व्यक्ति उन नगरों/वार्डो की मतदाता सूचि में शामिल नहीं किये जा सकते जिनमें ऐसी संस्थाएं स्थित है, क्योंकि ऐसे व्यक्ति इन संस्थाओं में अस्थायी अवधि के लिये ही रह रहे होते हैं। यही स्थिति लगभग अधिकांश छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के मामले में भी लागू होती है, परन्तु यदि कोई व्यक्ति किसी संस्था (जैसे कि किसी आश्रम या निकतेन) में लम्बे समय से रह रहा हो और उसका अपने सामान्यतः निवास के स्थान पर आते जाते रहने का सिलसिला लम्बे अन्तराल से बन्द हो गया हो, तो उसे स्थान का सामान्य निवासी माना जा सकता है जहां ऐसी संस्था स्थित हो। सामान्यतः सिद्धान्त यह है कि किसी व्यक्ति को उसके निवास के सामान्य स्थान पर रजिस्ट्रीकृत किया जाना चाहिय, भले ही वह वहां से अस्थाई तौर पर अनुपस्थित भी क्यों न रहता हो परन्तु उसे ऐसे स्थान पर मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाना चाहिये जहां वह अस्थायी रूप से रह रहा हो ।*

5. *संदेहास्पद मामलो में दावेदार/आपतिकर्ता को साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा जा सकता है या दावेदार के निवास स्थान/मोहल्ले में जाकर स्थानीय पूछताछ की जा सकती है। यदि किसी क्षेत्र में बहुत अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुये हो तो उनके उचित और शीघ्र निराकरण के लिये मौके पर संक्षिप्त जांच करना बहुत आवश्यक होगा।*

6. *दावेदार/आपतिकर्ता का ब्यान अभिलिखित करने और ऐसी अन्य संक्षिप्त जांच करने के पश्चात् जैसा कि जिला निर्वाचन अधिकारी उचित समझे, उसके द्वारा अपना निर्णय लेखबद्ध किया जाये तथा दावेदार/आपतिकर्ता द्वारा मांग किये जाने पर आदेश की एक प्रति तत्काल निशुल्क प्रदान की जाये ।*

7. *जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निपटाये गये समस्त दावों और आपतियों का विवरण और उनमें अपने निर्णयों का सार प्रकरण रजिस्टर **परिशिष्ट–तेरह** में दर्ज किया जाये। प्रकरण रजिस्टर की प्रत्येक प्रविष्टि के समक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर किये जाये और यदि किसी प्रविष्टि में कोई काट–छांट हो तो वहां पर भी अपने लघु हस्ताक्षर किये जायें, रजिस्टर कें अंतिम पृष्ठ में, आखरी प्रविष्टि के नीचे, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने पूरे हस्ताक्षर किये जाये और अपनी मोहर भी लगाई जाये ।*

## *अध्याय-6*

### *अंतिम मतदाता सूचि तैयार करना और उसका प्रकाशन*

*सभी दावों और आपतियों का निराकरण हो जाने के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रकरण रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों के आधार पर अनुपूरक मतदाता सूचि तैयार करने का कार्य हाथ में लिया जाये अनुपूरक सूचि **परिशिष्ट–प्रन्दह** में दिये गये प्ररूप में तैयार की जाये । यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण होने के कारण इसे जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत देख–रेख में कराया जाये। इस कार्य में उन्हीं कर्मचारियों की सेवाओं का उपयोग किया जाये जो कि पूर्व में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कराने और दावे तथा आपतियां प्राप्त करने के लिये नियुक्त किये गये थे। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये एक अलग अनुपूरक सूचि बनाई जाये।*

*"परिवर्धन" शीर्ष के अन्तर्गत जोडे गये मतदाताओ के सरल कमांक मूल सूचि की कम संख्या के आगे जारी रखे जाये। उदाहरणार्थ यदि मूल सूचि के सुसंगत भाग में अंतिम मतदाता की कम संख्या 981 हो तो परिवर्धन सूचि कमांक 982 से प्रारम्भ की जाये और उसे कमशः बढाया जाये ।*

*"संशोधन" शीर्ष के अन्तर्गत मूल मतदाता सूचि में सम्मिलित मतदाताओ के नाम, गृह कमांक, आयु आदि प्रविष्टियों की अशुद्वियों को दूर करते हुये उन्हें संशोधित रूप में दर्शाया जाये। जिन मतदाताओ के नाम संशोधन शीर्षक के अन्तर्गत दर्ज किये जाये उनसे सम्बन्धित प्रविष्टियों को मूलसूचि में लाल स्याही से सुधार दिया जाये ।*

*"विलोपन" शीर्षक के अन्तर्गत ऐसे मतदाताओ के नाम अंकित किये जाये जो किसी भी कारण से सम्बन्धित ग्राम पंचायत में पंजीकृत मतदाता बने रहने के पात्र नहीं है। जिन मतदाताओ के नाम विलोपन सूचि में शामिल किये जाये उनके नाम मतदाता सूचि में लाल स्याही से काट दिये जाये ।*

2. *जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों की अनुपूरक सूचियां उपरोक्तानुसार निर्धारित प्ररूप में तैयार कर लिये जाने के पश्चात् उन्हें कमवार व्यवस्थित किया जाये और उन्हें नगराधीश/उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) (जो कि जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी है) को सौप दिया जाये। नगराधीश/उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतियों को खण्डवार समांकित करके उनकी एक फोटोप्रति कराई जाये । इस प्रकार तैयार किये गये दो सैटो में से एक सैट अपने पास रखते हुये दूसरा सैट मुद्रण के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को मुद्रणार्थ भेज दिया जाये ।*

